पंजाब केसरी 10/03/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में मनाया होली महोत्सव

अम्बाला, 9 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस रंगों के त्यौहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है, जो हमें नकारात्मकता को छोड़कर जीवन में नए रंग भरने की प्रेरणा देता है।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस होली उत्सव में सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेलकर इस पावन पर्व को और भी यादगार बना दिया। इस दौरान सभी ने मिलकर पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को रंग लगाया और मिठाइयां वितरित कीं। रंगों के इस उत्सव में चारों ओर खुशियों का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा विशेष रूप से कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कई मजेदार खेल आयोजित किए गए, जिससे माहौल और भी उमंग से भर गया।